भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2217
बुधवार 23 सितम्बर, 2020 को उत्तर देने के लिए

विदेशों के साथ समझौता

2217. कुंवर दानिश अली:

क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) **क्यासरकार ने गत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान विदेशों के साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी किसी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं;**

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसे समझौतों से प्राप्त होने वाले लाभों का ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री , विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(डॉ हर्ष वर्धन)

(क) जी हां।

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान, सरकार ने अंतर्सरकारी विज्ञान और प्रौद्योगिकी करारों पर डेनमार्क, इंडोनेशिया, उजबेकिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हस्ताक्षर किए हैं ।

(ग) भारत विभिन्न द्विपक्षीय कार्यक्रमों के माध्यम से अपने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के ज्ञान को साझा कर रहा है तथा भारत और साझेदार देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी की वर्तमान स्थिति में योगदान कर रहा है।ये द्विपक्षीय सहयोग नए ज्ञान के सृजन,सुविज्ञता के साझाकरण, संसाधनों कीलागत और उनके इष्टतम उपयोग, घरेलू स्तर पर अनुपलब्ध प्रगत सुविधा केंद्रों और परिष्कृत यंत्रों तक अभिगम कराने मे मदद करते हैं और अंतरराष्ट्रीय महा विज्ञान परियोजनाओं में भागीदारी भी करने देते हैं । परिणाम स्वरूप, इस सहयोग के कारण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और मानव संसाधन विकास के माध्यम से प्रकाशित पत्रों की गुणवत्ता के संदर्भ में देश में वैज्ञानिक अनुसंधान की गुणवत्ता और मात्रा में वृद्धि हुई।

*****